राष्ट्रीय एकता यात्रा के अंतर्गत आये विद्यार्थी

लद्दाख के दिव्यांग विद्यार्थियों ने राज्यपाल से मुलाकात की

राज्यपाल ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की सोच रखते कार्य करने का किया आह्वान

जयपुर, 6 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से शुक्रवार को लोकभवन में राष्ट्रीय एकता यात्रा के तहत केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के दिव्यांग विद्यार्थियों ने मुलाकात की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री प्रेमचंद बैरवा और अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री कुलदीप रांका भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने इस दौरान छात्र–छात्राओं से संवाद करते हुए विविधता में एकता की भारत भूमि और लद्दाख से जुड़ी भारतीय संस्कृति के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा विद्यार्थी खूब पढ़ें और माँ भारती का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि लद्दाख कभी भारत का प्रमुख सिल्क मार्ग था। उन्होंने विद्यार्थियों को एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

पूर्व में राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने लोकभवन में इस दल का अभिनंदन किया। इससे पहले इस दल के साथ आये मेजर अमित कुमार ने राष्ट्रीय एकता से जुड़ी विद्यार्थियों की यात्रा के बारे में राज्यपाल को जानकारी दी।

―――――